प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 10.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आज रांची में हो रही पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत बिहार, ओडिशा और बंगाल के प्रतिनिधि ले रहे हिस्सा
2. देवघर में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला का पर्यटन मंत्री ने किया उद्घाटन, श्रद्धालुओं के लिए सरकार ने की व्यापक व्यवस्था।
3. लामू में वन भूमि अतिक्रमण रोकने गई टीम पर हुआ हमला, सात वनकर्मी घायल, वन विभाग की गाड़ी क्षतिग्रस्त, पुलिस ने शुरू की जांच।
4. गिरिडीह में आज कांग्रेस के नए राजीव भवन का हुआ उदघाटन, प्रदेश प्रभारी ने कहा– गरीबों और वंचितों को न्याय दिलाने का केंद्र बनेगा यह भवन।
5. मौसम विभाग ने राज्य के 16 जिलों में भारी बारिश और वज्रपात का जारी किया ऑरेंज अलर्ट, सरायकेला में बाढ़ की आशंका पर प्रशासन सतर्क

*********************

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज रांची में 27वीं पूर्वी क्षेत्र परिषद की बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। बैठक में झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और मंत्रीगण शामिल हुए। बैठक से पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्रीय गृह मंत्री का स्वागत किया। इस बैठक में यौन अपराधों की त्वरित जांच के लिए फास्ट–ट्रैक विशेष अदालतों की स्थापना सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। साथ ही प्रत्येक गांव में बैंकिंग सुविधाएं, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली, शिक्षा, स्वास्थ्य और सहकारी व्यवस्था को मजबूत करने पर भी विचार किया जाएगा। झारखंड की ओर से केंद्र के पास लंबित बकाया राशि, नक्सल प्रभावित जिलों के लिए विशेष सहायता और एसआरई फंड की बहाली की मांग उठाई जा सकती है।

*********************

देवघर में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विधिवत रूप से शुरू हो गया। झारखंड और बिहार की सीमा पर स्थित दुम्मा में इसका उद्घाटन झारखंड सरकार के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि इस बार श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा देने के लिए व्यापक तैयारी की गई है और सभी विभागों की टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उद्घाटन समारोह में कई मंत्री, सांसद, विधायक और गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे। मेला प्रारंभ होते ही बाबा बैद्यनाथ की स्पर्श पूजा पर एक महीने तक प्रतिबंध लागू हो गया है।

*********************

भारतीय रेल ने वित्त वर्ष 2025–26 की पहली तिमाही में नौ हजार से ज्यादा नियुक्ति पत्र जारी किये हैं। रेलवे ने कहा है कि जारी वित्त वर्ष के अंत तक 50 हजार से ज्यादा नौकरियों के प्रस्ताव दिये जाएंगे।

*********************

पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के बंशीखुर्द गांव में वन भूमि पर अतिक्रमण रोकने गई वन विभाग की टीम पर कल रात हमला किया गया, जिसमें चालक सहित सात वनकर्मी घायल हो गए। ग्रामीणों ने वन विभाग की गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया और ट्रैक्टर को जबरन छुड़ा ले गए। घायल चालक को गंभीर हालत में एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जबकि अन्य कर्मियों का इलाज स्थानीय स्तर पर किया गया। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

*********************

हजारीबाग के विष्णुगढ़ प्रखंड की अलपिटो पंचायत की मुखिया सुमिता देवी को वित्तीय अनियमितताओं के कारण निलंबित कर दिया गया है। मनरेगा और 15वें वित्त आयोग की योजनाओं में नियमों की अनदेखी कर राशि लाभुक समिति के बजाय व्यक्तिगत खातों में भेजी गई। विशेष रूप से 2021–22 में 16 योजनाओं की राशि एक ही व्यक्ति के खाते में जमा की गई थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर मुखिया की सभी वित्तीय शक्तियां भी जब्त कर ली गई हैं।

*********************

गिरिडीह में आज कांग्रेस को नया राजीव भवन मिला, जिसका उद्‌घाटन प्रदेश प्रभारी के राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर के राजू ने कहा कि यह भवन गरीबों और वंचितों को न्याय दिलाने का केंद्र बनेगा।

*********************

गढ़वा जिले में लोगों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने और आर्थिक रूप से उन्हें सशक्त बनाने के लिये वित्तीय समावेशन अभियान की शुरुआत की गयी है। एक जुलाई से शुरू हुआ यह अभियान लगातार तीन महीने तक पंचायत स्तर पर चलेगा।

*********************

देश के शेयर बाजारो में आज सवेरे मामूली गिरावट के साथ कारोबार हुआ। मुंबई शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक सेंसेक्स में लगभग 165 अंकों की और राष्ट्रीय शेयर बाजार के निफ्टी में 57 अंकों की गिरावट रही। फार्मा सेक्टर में लगभग शून्य दशमलव 9 शून्य प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जबकि शुरुआती कारोबार में ऑटो और आईटी सेक्टर में भी बिकवाली देखी गई।

*********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत 90 हजार छह सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी प्रति किलो एक लाख 13 हजार रूपये है।

*********************

मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों के लिए आज ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राजधानी रांची, बोकारो, देवघर, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम, गुमला, गिरिडीह सहित 16 जिलों में अगले तीन घंटों में गर्जन के साथ भारी बारिश और वज्रपात की संभावना जताई गई है। लोगों को सुरक्षित स्थान पर रहने, पेड़ के नीचे या खुले में नहीं जाने की सलाह दी गई है।

*********************

सरायकेला–खरसावां में लगातार बारिश से खरकाई नदी का जलस्तर 129.96 मीटर तक पहुंच गया है, जो खतरे के निशान से ऊपर है। उड़ीसा के डैम से पानी छोड़े जाने के कारण जलस्तर और तेज़ी से बढ़ रहा है, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह ने आपदा प्रबंधन टीम को सतर्क रहने और निचले क्षेत्रों के लोगों को अलर्ट करने के निर्देश दिए हैं।

*******************